# बार्नी कुत्ता और बिल्ली



जीन बेथेल

चित्र: रूथ वुड


BB
B.B
B.B

# बार्नी कुत्ता और बिल्ली



जीन बेथेल

चित्र: रूथ वुड



नमस्ते

मैं बार्नी बीगल हूं.



यह वो घर है जहां मैं रहता हूं.

मुझे अपना घर बहुत पसंद है.




वो देखो?

वो मेरा बिस्तर है.







वो मेरा कटोरा है.

और ज़रा मेरे सारे खिलौने भी देखो!




मुझे यहाँ बहुत मजा आता है.




मैं एक भाग्यशाली कुत्ता हूँ!

देखो एलन आ रहा है.

एलन मेरा लड़का है, तुम्हें पता है.



मुझे लगता है कि हर कुत्ते को एक

लड़के की ज़रूरत होती है, क्यों है ना?





एलन को भी मेरी ज़रूरत है.

मैं उसका सबसे अच्छा दोस्त हूं.



वो क्या है, एलन?

तुम्हारे हाथ में वो क्या है?



क्या वो एक कुत्ता है?

नहीं, एलन. तुम्हें दो कुत्तों की ज़रूरत नहीं है.

मैं तुम्हारा कुत्ता हूँ. मैं, बार्नी बीगल!



लेकिन वो क्या है?

वो भला क्या हो सकता है?



अरे बाप रे! वो एक बिल्ली है!



हैलो बिल्ली.

अरे! बंद करो!



एलन! मुझे वो बिल्ली पसंद नहीं है.

तुम उसे यहाँ से ले जाओ!




वहां से हटो, बिल्ली!

वो मेरा कटोरा है!



उसे छोड़ दो!

वो मेरा खिलौना है!



नहीं! नहीं! वहां से हटो!

वो मेरा बिस्तर है!



रुको!

वो मुझे दे!

एलन, कृपया करके!

इस बिल्ली को ले जाओ.

तुम्हें उसकी जरूरत नहीं है.



तुम्हारे पास मैं जो हूं.

मैं तुम्हारा कुत्ता हूँ,

और तुम मेरे लड़के हो!





मुझे देखो, एलन. जल्दी देखो.


देखो यह मैं हूं — तुम्हारा बार्नी बीगल!

हे भगवान, उसने मुझे यहाँ से जाने को कहा है!

एलन ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया है!

अब वो मुझे नहीं चाहता है.





उसे वो बिल्ली पसंद है.

काश वो बिल्ली यहाँ से चली जाती!



बिल्ली अब वहां है.

वो बिल्ली कहाँ जा रही है?




देखो, बिल्ली दरवाज़े से बाहर चली गई.

अच्छी बात है. तुम बाहर ही रहो, बिल्ली.





देखो अब वो सड़क पर चल रही है.

चलती रहो, बिल्ली.



देखो बिल्ली अब एक दूध
के ट्रक के पास गई है.




वो दूध के ट्रक के अंदर कूद गई है.




अरे बाप रे! ट्रक के ड्राइवर ने उसे बिल्कुल नहीं देखा!

ओह! ड्राइवर ने ट्रक का दरवाज़ा बंद कर दिया है!

फिर ट्रक आगे बढ़ गया.

अलविदा, बिल्ली! चलती रहो, बिल्ली!

ट्रक की सवारी करो!



मुझे खुशी है कि अब कोई बिल्ली नहीं है.


अब एलन फिर से केवल मेरा ही लड़का होगा.



देखो अब एलन वापिस आ गया है.

लेकिन वो क्या चाहता है?

ओह! वो बिल्ली को तलाश रहा है.





मुझे पता है कि बिल्ली कहां है.

लेकिन मैं उसे नहीं बताऊंगा.

एलन खोजता है और खोजता है.





लेकिन वो बिल्ली को ढूंढ नहीं पाता है.

ओह, अब एलन कितना दुखी है!



उदास मत हो, एलन.

मेरे साथ खेलो.

मैं तुम्हें हंसा सकता हूं, देखो?



लेकिन एलन अभी भी दुखी है.

वो बिल्ली चाहता है.



एलन मेरा लड़का है.

मैं नहीं चाहता कि वो दुखी हो.

चलो, एलन.



मैं उसे बताऊंगा कि बिल्ली कहां है.

एलन, मैं तुम्हें बिल्ली के पास ले चलूँगा.



उधर चलो, एलन,

मेरे साथ चलो.



चलो, एलन.

उस तरफ.




ट्रक, ट्रक!

बिल्ली उस ट्रक में है!



चलो हम भागते हैं.

भागो, एलन!

नहीं तो ट्रक चला जाएगा!



रोको! रोको!

ट्रक को रोको!



चलो, एलन.

दरवाजा खोलो.



देखो बिल्ली वहाँ है!

वहाँ है बिल्ली!



एलन बहुत खुश है.

बिल्ली भी खुश है.



अब उन्हें मेरी जरूरत नहीं है.




अरे! तुम यह क्या कर रहे हो, एलन?

देखो! एलन मुझे पसंद करता है!



अरे! तुम क्या कर रही हो, बिल्ली?

देखो! बिल्ली भी मुझे पसंद करती है!



अब मेरे एक नहीं, दो दोस्त हैं.



मैंने पहले ही कहा था
- मैं बहुत भाग्यशाली हूं.

अंत


BB
B.B
B.B